CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 139 ▫ रायपुर, शुक्रवार 12 जून 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

# सोंढुर और बाघ नदी में बढ़ा जल स्तर ब्लॉक मुख्यालय से कटे कई गांव

## नगरी वनाचंल क्षेत्र में रात भर हुई बारिश से कई नदी-नाले उफान पर



**धमतरी, 12 जून (हाईवे चैनल)।** जिले में मानसून की दस्तक के रूप ही बारिश की शुरुआत हो गई है। जिले के नगरी वनाचंल क्षेत्र में बीती रात्रि हुई झमाझम बारिश से क्षेत्र के कुछ नदी नाले उफान पर आ गये है जिससे कुछ गांव कट गए है।

मिली जानकारी के अनुसार नगरी सिहावा क्षेत्र में बीते रात भर वर्षा हुई है। जिससे सोंढुर और बाघ नदी में जल स्तर बढ़ गया है जिससे नदी उफान पर है। जिसके कारण रिसगांव क्षेत्र व टायगर रिजर्व क्षेत्र के कुछ गांवो का सम्पर्क मुख्यालय से टूट गया है। ऐसे में ग्रामीणों को अन्य मार्गो जैसे गरियाबंद, देवभोग, झरिया बाहरा जैसे लंबे मार्ग से होकर ब्लाक मुख्यालय पहुंचना पड़ता है।

''बीती रात्रि हुई बारिश से क्षेत्र के नदी नाले में पानी का स्तर बढ़ा है। जिससे कुछ गांवो से सीधे मुख्यालय तक पहुंच प्रभावित हुआ है। स्थित सामान्य व नियंत्रण में है।''

**प्रीति दुर्गम**
**एसडीएम नगरी**

## मानसून की दस्तक से पहले बदला मौसम का मिजाज रायपुर समेत कई जिलों में अंधड़ के साथ झमाझम बारिश

**रायपुर, 12 जून (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ में दक्षिण-पश्चिम मानसून के कदम रखने से पहले ही मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया है। गुरुवार की शाम राजधानी रायपुर में तेज आंधी-तूफान के साथ झमाझम बारिश हुई, जिसने लोगों को झुलसाने वाली गर्मी से राहत दी। वहीं सरगुजा और कोरबा जिलों में भी दोपहर के बाद आसमान में काले बादल घिर आए और जमकर बदरा बरसे, जिससे हवा में ठंडक घुल गई और उमस से परेशान लोगों ने राहत की सांस ली। मौसम विभाग की मानें तो छत्तीसगढ़ में मानसून की एंट्री के लिए मौसमी परिस्थितियां अब पूरी तरह से अनुकूल हो चुकी हैं। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि अगले 2 से 3 दिनों के भीतर मानसून छत्तीसगढ़ के कुछ इलाकों में दस्तक दे सकता है। मौसम विभाग ने आज पूरे प्रदेश के लिए अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि राज्य के कई हिस्सों में गरज-चमक के साथ तेज अंधड़ चलने, बिजली गिरने और भारी बारिश की गतिविधियों में तेजी आने की पूरी संभावना है।



पिछले 24 घंटों के आंकड़ों पर नजर डालें तो बारिश और बादलों की वजह से दक्षिण छत्तीसगढ़ (बस्तर संभाग) के अधिकतम तापमान में 5 डिग्री सेल्सियस तक की भारी गिरावट आई है। हालांकि, उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ के तापमान में फिलहाल कोई बहुत बड़ा फेरबदल देखने को नहीं मिला। इस दौरान प्रदेश में सबसे ज्यादा तापमान 43 डिग्री सेल्सियस राजनांदगांव में दर्ज किया गया, वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान 23.1 डिग्री सेल्सियस जगदलपुर में रिकॉर्ड हुआ।

# मशहूर भारतीय निशानेबाजी कोच जसपाल राणा का निधन, एशियाई और राष्ट्रमंडल खेल में जीते हैं पदक

**नई दिल्ली, 12 जून (न्यूज चैनल)।** मशहूर भारतीय निशानेबाजी कोच जसपाल राणा का शुक्रवार को निधन हो गया। राणा एशियाई खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता हैं और ओलंपिक में दो बार पदक जीत चुकीं स्टार निशानेबाज मनु भाकर के कोच रह चुके हैं। राणा को 49 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। बताया जा रहा है कि जर्मनी से लौटने के बाद अचानक ही उनकी तबीयत बिगड़ गई थी और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनका निधन हृदय की बीमारी के इलाज के दौरान हुआ है। राणा के परिवार में उनकी पत्नी रीना राणा, बेटी देवांशी, बेटा युवराज, पिता नारायण सिंह राणा और उनकी बहन सुषमा सिंह और छोटा भाई सुभाष राणा शामिल हैं।

राणा म्यूनिख में आईएसएसएफ विश्व कप के बाद जर्मनी से लौटे थे। वह फिलहाल भारतीय पिस्टल निशानेबाजों के हाई परफॉर्मेंस कोच के रूप में कार्य कर रहे थे। भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया था और दो स्वर्ण तक इतने ही रजत पदक जीते थे। भारतीय राइल संघ (एनआरएआई) के एक सूत्र ने कहा, हां, जसपाल को फ्लाइट में कुछ दिक्कतें हो रही थी और दिल्ली में उतरने के बाद



वह सीधे अस्पताल गए। वहां, उनका टेस्ट किया गया और स्टेंट डाला गया। द्रोणाचार्य पुरस्कार से थे सम्मानित: एनआरएआई ने उन्हें आधिकारिक तौर पर 25 मीटर पिस्टल इवेंट के लिए हाई-परफॉर्मेंस कोच नियुक्त किया था। राणा को कड़ी ट्रेनिंग रूटीन शुरू करने का श्रेय दिया जाता है। एनआरएआई ने फरवरी 2025 में राणा को 25 मीटर पिस्टल इवेंट के लिए हाई-परफॉर्मेंस कोच नियुक्त किया था। खेल और शूटर्स की अगली पीढ़ी को तैयार करने में उनके बड़े योगदान के लिए सरकार ने उन्हें 2020 में प्रतिष्ठित द्रोणाचार्य अवॉर्ड से सम्मानित किया।

### भारतीय निशानेबाजी कोच जसपाल के निधन पर राष्ट्रपति मुर्मू ने जताया शोक, पीएम ने भी दी श्रद्धांजलि

भारतीय निशानेबाजी के दिग्गज और कोच जसपाल राणा के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई नेताओं ने शोक जताया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक्स पर लिखा, जसपाल राणा जी के निधन की खबर बहुत दुखद है। वह एक जाने-माने निशानेबाज थे, जिनके शानदार प्रदर्शन ने देश का नाम रोशन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जसपाला राणा के निधन पर गहरा शोक जताया। मोदी ने एक्स पर लिखा, जसपाल राणा जी के निधन से गहरा दुख हुआ है। उनका जाना भारतीय खेल जगत के लिए एक बहुत बड़ी क्षति है। उन्होंने निशानेबाजी में अपनी असाधारण उपलब्धियों से देश का मान बढ़ाया। एक मेंटर के तौर पर भी उनका योगदान बहुत अहम रहा। उन्होंने पूरी लगन से युवा खिलाड़ियों को तराशा और उनका मार्गदर्शन किया। बेहतरीन प्रदर्शन, अनुशासन और खेल जगत की सेवा के प्रति उनकी अटूट निष्ठा के कारण उन्हें बहुत सम्मान मिला। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार, दोस्तों और पूरे खेल जगत के साथ हैं। ओम शांति।

## ब्रेकिंग न्यूज

### इतिहास रचने के करीब एलन मस्क बन सकते हैं दुनिया के पहले ट्रिलेनियर स्पेसएक्स आईपीओ ने बढ़ाई दौलत

**नई दिल्ली, 12 जून (न्यूज चैनल)।** दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क



जल्द ही नया इतिहास रच सकते हैं। स्पेसएक्स के रिकॉर्डतोड़ आईपीओ के बाद मस्क की कुल संपत्ति 1 ट्रिलियन डॉलर के स्तर को पार करने के बेहद करीब है। इसके साथ ही मस्क दुनिया के पहले ट्रिलेनियर बन जाएंगे। स्पेसएक्स ने अपने आईपीओ में 555.6 मिलियन शेयर 135 डॉलर प्रति शेयर की कीमत पर बेचे, जिससे कंपनी का कुल मूल्यांकन लगभग 1.77 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। कंपनी ने इस ऑफरिंग के जरिए करीब 75 अरब डॉलर जुटाए हैं। शेयर बाजार में यह लिस्टिंग आज, 12 जून को नैस्डैक पर "SPCX" टिकर के तहत शुरू होने की उम्मीद है।

### '2 दिन पहले कहा था सब ठीक है'... ओमान तट पर टैंकर हमले में यूपी के शिवानंद सहित 3 भारतीयों की मौत

**नई दिल्ली, 12 जून (न्यूज चैनल)।** ओमान तट के निकट 10 जून को भारतीय तेल टैंकर पर हुए हमले में देवरिया जिले के सुरौली गांव निवासी एवं इंजन फिटर के रूप में कार्यरत शिवानंद चौरसिया (35) की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद परिवार में शोक व्याप्त है। शिवानंद चौरसिया एक विदेशी शिपिंग कंपनी में चालक दल के सदस्य के रूप में कार्यरत थे। परिजनों को इस हादसे की सूचना दुबई में कार्यरत शिवानंद के भाई ने दी। सूचना मिलने के बाद देवरिया पुलिस भी उनके घर पहुंची और आवश्यक जानकारी जुटाई। सूत्रों के अनुसार, इस हमले में भारत के तीन लोगों की मौत हुई है, जिनमें शिवानंद चौरसिया भी शामिल हैं। शिवानंद के परिवार में उनकी पत्नी, एक पुत्र और एक पुत्री हैं। जानकारी के अनुसार, अमेरिका ने बुधवार को पलाऊ ध्वज वाले एक अन्य टैंकर एमटी सेट्टेबेलो पर हमला किया, जिसमें सवार 24 भारतीय नाविकों में से 3 की मौत हो गई।




**चूहा- सुनती हो, राहुल गांधी कह रहें वोट चोरी, सरकार चोरी के बाद अब बीजेपी कर रही है सीट चोरी**

**चुहिया- हां जी, ये राजनीति है, जिसकी लाठी उसकी भैंस..!**

### एमपी के नेता प्रतिपक्ष ने भी दिया बड़ा बयान

# कांग्रेस विधायकों के दिल्ली पहुंचते ही मीनाक्षी नटराजन ने खोले कई राज

**नई दिल्ली, 12 जून (न्यूज चैनल)।** मध्य प्रदेश की राजनीति में राज्यसभा चुनाव को लेकर जारी घमासान अब राष्ट्रीय स्तर पर पहुंच गया है। कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन के नामांकन निरस्त होने के मामले में दिल्ली में कांग्रेस नेताओं ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव आयोग और रिटर्निंग अधिकारी की कार्रवाई पर गंभीर सवाल खड़े किए। वहीं, मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में होने से राजनीतिक और कानूनी हलकों की नजरें भी इस प्रकरण पर टिक गई हैं।



प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीनाक्षी नटराजन ने स्पष्ट कहा कि उनके खिलाफ कोई भी लंबित आपराधिक मामला नहीं है, न ही उन्हें किसी दंडनीय अपराध में दोषी ठहराया गया है। उन्होंने कहा कि जिस आधार पर नामांकन रद्द किया गया, वह तथ्यात्मक और कानूनी रूप से गलत है। उनके अनुसार, उनके खिलाफ केवल एक लीगल नोटिस है, जिसकी पूरी जानकारी उन्होंने निर्वाचन आयोग को दिए गए दस्तावेजों में पहले ही दर्ज कर दी थी। उन्होंने सवाल उठाया कि जब फॉर्म-26 में निजी शिकायत (प्राइवेट कम्प्लेंट) की जानकारी देने का कोई निर्धारित कॉलम ही नहीं है, तो उस सूचना को छिपाने का आरोप कैसे लगाया जा सकता है।

मामले पर अधिक टिप्पणी करने से बचते हुए नटराजन ने कहा कि चूंकि विवाद सुप्रीम कोर्ट के विचाराधीन है, इसलिए न्यायालय की गरिमा को ध्यान में रखते हुए वे कानूनी पहलुओं पर विस्तार से नहीं बोलेंगी। हालांकि उन्होंने दोहराया कि नामांकन निरस्त करने का फैसला पूरी तरह अनुचित है। वहीं, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने चुनाव आयोग और प्रशासनिक अधिकारियों पर सीधा हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि रिटर्निंग अधिकारी ने स्वयं स्वीकार किया है कि उनसे दबाव में गलती हुई है। सिंघार ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग सुप्रीम कोर्ट को भी वास्तविक तथ्यों से अवगत नहीं करा रहा और पूरे मामले में लोकतांत्रिक मूल्यों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक उम्मीदवार का मामला नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक अधिकारों और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया की लड़ाई है।

# आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 2 मनरेगा मजदूरों की हुई मौके पर मौत, 5 मजदूर हुए घायल

**भानुप्रतापपुर, 12 जून (हाईवे चैनल)।** कांकेर जिले के अंतागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत कलगांव में आकाशीय बिजली गिरने से मनरेगा में काम कर रहे दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं 5 मजदूर घायल हो गए. घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। जानकारी के अनुसार, गांव में मनरेगा योजना के तहत चल रहे तालाब निर्माण कार्य में लगभग 50 मजदूर लगे हुए थे।


इस दौरान अचानक मौसम में बदलाव हुआ और बारिश होने लगी. मजूदरों ने पानी



से बचने के लिए पेड़ के नीचे खड़े थे. इस दौरान आकाशीय बिजली गिरने से पेड़ के नीचे खड़े उपसरपंच धनराज पटेल के साथ एक अन्य मजदूर की मौके पर मौत हो गई। वहीं हादसे में पांच मजदूर घायल हो गए, जिनमें 3 महिला और 2 पुरुष शामिल हैं. घायल मजदूरों को उपचार के लिए अंतागढ़ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है. सुबह-सुबह हुई इस घटना ने पूरे जिले के झकझोर दिया है। घटना के संबंध में कलेक्टर निलेश महादेव क्षीरसागर ने बताया कि मौके पर भेजे गए अधिकारी स्थिति का जायजा ले रहे हैं. घायल के उचित इलाज की व्यवस्था की है. हमने एंबुलेंस को रवाना कर दिया है. इसके साथ डॉक्टर्स को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं कि घायलों का बेहतर उपचार किया जाए।

## सीएम साय हैदराबाद में आयोजित छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम में हुए शामिल

**रायपुर, 12 जून (हाईवे चैनल)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हैदराबाद में आयोजित छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री साय निवेशकों को छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति और निवेश संभावनाओं की जानकारी देंगे। छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए अनुकूल वातावरण, प्रक्रियाएं हुईं और अधिक सरल व पारदर्शी। राज्य में उद्योग, अधोसंरचना, ऊर्जा, आईटी, खाद्य प्रसंस्करण और खनिज आधारित क्षेत्रों में निवेश




के व्यापक अवसर। मुख्यमंत्री निवेशकों को छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए आमंत्रित करेंगे। नई उद्योग नीति और निवेशक-अनुकूल फैसलों से राज्य को लगातार बड़े निवेश प्रस्ताव मिल रहे हैं। हैदराबाद में विभिन्न उद्योग समूहों और निवेशकों के साथ होगी चर्चा, निवेश की संभावनाओं पर मंथन होगा।

अहमदाबाद, मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु, जापान और दक्षिण कोरिया में आयोजित निवेशक संवाद कार्यक्रमों के बाद हैदराबाद में छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट हो रहा है। मुख्यमंत्री साय की निवेश प्रोत्साहन पहल से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों में छत्तीसगढ़ के प्रति आकर्षण बढ़ा है। निवेश अनुकूल नई औद्योगिक नीति से छत्तीसगढ़ को 8 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिल चुके है।

### एक सप्ताह बाद खुला राज

# पुरानी रंजिश के चलते पति-पत्नी की हत्या कर श्मशान में दफनाए शव, 3 आरोपी गिरफ्तार

**गरियाबंद, 12 जून (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले से डबल मर्डर का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। शोभा थाना क्षेत्र के ग्राम गरीबा में पुरानी रंजिश के चलते एक पति-पत्नी की निर्मम हत्या कर उनके शवों को बोरे में भरकर श्मशान घाट में दफना दिया गया। घटना का खुलासा करीब एक सप्ताह बाद तब हुआ, जब ग्रामीणों को श्मशान घाट में संदिग्ध तरीके से दफनाए गए शवों की जानकारी मिली। मामले के सामने आने के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। वहीं पुलिस ने इस हत्याकांड में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी है। मृतकों की पहचान ग्राम गरीबा निवासी राजाराम नेताम और उनकी पत्नी आशो बाई नेताम के रूप में हुई है। मामले में पुलिस ने मृतक के पड़ोस में रहने वाले लखीराम नेताम, रघुराम नेताम



और नकुल राम नेताम को गिरफ्तार किया है। शोभा थाना प्रभारी पवन वर्मा से मिली जानकारी के अनुसार, 6 जून को पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने राजाराम नेताम और उनकी पत्नी की डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। वारदात के बाद सबूत मिटाने की नीयत से दोनों शवों को चुपचाप गांव के श्मशान घाट में दफना दिया गया, ताकि किसी को घटना की भनक न लग सके। मामले का खुलासा तब हुआ जब हाल ही में गांव के एक अन्य व्यक्ति के निधन के बाद ग्रामीण अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट पहुंचे। वहां उन्हें दो अन्य स्थानों पर ताजा दफनाए गए शवों के निशान दिखाई दिए। ग्रामीणों को यह संदिग्ध लगा क्योंकि गांव में हाल के दिनों में किसी अन्य व्यक्ति की सामान्य मृत्यु नहीं हुई थी। इसी दौरान ग्रामीणों को पिछले एक सप्ताह से लापता राजाराम नेताम और उनकी पत्नी आशो बाई नेताम की याद आई। संदेह गहराने पर ग्रामीणों ने शोभा थाना पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई।

शिकायत मिलने के बाद थाना प्रभारी पवन वर्मा अपनी टीम के साथ गांव पहुंचे और श्मशान घाट में दफन शवों को बाहर निकलवाया। जांच के दौरान पुष्टि हुई कि बरामद शव राजाराम नेताम और आशो बाई नेताम के ही हैं। थाना प्रभारी पवन वर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या में शामिल तीनों आरोपियों लखीराम नेताम, रघुराम नेताम और नकुल राम नेताम को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और हत्या के कारणों सहित पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जांच जारी है। फिलहाल, पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा तैयार कर आवश्यक कार्रवाई पूरी की है। शवों के अवशेषों को फॉरेंसिक जांच के लिए रायपुर भेजा गया है। पुलिस का कहना है कि फॉरेंसिक रिपोर्ट मिलने के बाद मामले से जुड़े और महत्वपूर्ण तथ्य सामने आ सकते हैं। एक सप्ताह बाद उजागर हुए इस दोहरे हत्याकांड ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। ग्रामीणों में घटना को लेकर भारी आक्रोश है, वहीं पुलिस मामले की हर पहलू से गंभीरता से जांच कर रही है।

## 10 करोड़ के गांजा के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार, ओडिशा से ट्रक में भरकर ले जा रहे थे यूपी

**बलरामपुर, 12 जून (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में गांजा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है. पुलिस ने भारी मात्रा में तस्करी किए जा रहे गांजा की खेप को जब्त किया है, जिसकी कीमत करोड़ों में आंकी गई है. यह खेप ट्रक में भरकर ओडिशा के सोनपुर से उत्तरप्रदेश ले जाई जा रही थी. मामले में 2 तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के मुताबिक, पूरा मामला बसंतपुर थाना का है. ओडिशा के सोनपुर से एक ट्रक (आरजे 14 जीयू 9078) में भारी मात्रा में गांजा लेकर लाया जा रहा था. शातिर तस्करों ने रात के अंधेरे का फायदा उठाकर तस्करी की प्लानिंग की थी. मुखबीर से सूचना के बाद पुलिस एक्टिव हो गई। पुलिस ने नाकेबंदी कर शुक्रवार तड़के 3 बजे एक संदिग्ध ट्रक को रुकवाया. आरोपियों ने पूछताछ में अपना नाम लोकेश शर्मा और आमिर अंसारी बताया। दोनों उत्तरप्रदेश के रहने वाले हैं. जब पुलिस ने ट्रक की जांच की तो उनके होश उड़ गए. बोरियो में भरा करीब 1941.110 किलो गांजा बरामद किया गया। इसकी अनुमानित कीमत करीब 10 करोड़ रुपये है. मौके पर सायबर सेल की टीम भी मौजूद रही।

CMYK